श्रीमान जी,

2022/346

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश क्रमांक–पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थीया सरोज शर्मा पत्नी श्री मनीष शर्मा निवासी मकान न. 61, वार्ड न.11, सुखवतं पैलेस के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान प्रमाण पत्र, आई डी प्रूफ एवं मूल रसीद पेश कर निवेदन किया है कि मेरी माता श्रीमती कमला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री सागर मल, निवासी, वार्ड न 11, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर ने दिनांक 22.08.2019 को बंद वसीसत कस्टडी में रखवाई थी। जिनका देहांत दिनांक 26.10.2022 को हो गया था। उनके द्वारा दिनांक 22.08.2019 को रखवाई गयी बंद वसीयत को खोली जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया है।

प्रार्थी को गवाहान सुरेश कुमार पुत्र श्री चम्पत सिंह और हरीश कुमार पुत्र श्री नारायण सिंह ने पहचाना है। प्रार्थी एवं गवाहों की शिनाख्त अधिवक्ता श्रीमती कंवलजीत कौर ने की है। अतः निर्धारित शुल्क जमा कर सील्ड पैकेट बंद लिफाफा खोले जाने हेतु प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

16/12/22

जिला पंजीयक महोदय